# छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में व्याख्यान कार्यक्रम निभाते हैं अहम भूमिका : कुलपति प्रो. सुदेश

गोहाना,19 अप्रैल (रामनिवास धीमान): खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग द्वारा कॉमर्स विभाग में मशरूम उत्पादन विषय पर एक विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया जिसकी अध्यक्षता डीन, छात्र कल्याण प्रो श्वेता हुड्डा द्वारा तथा जबकि संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ ईशानी द्वारा किया गया। जिसमें महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो सुदेश ने कहा कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐसे आयोजन अहम भूमिका निभाते हैं। बतौर मुख्य वक्ता, मशरूम फॉर्म संचालक डॉ सोनिया दहिया ने विद्यार्थियों को मशरूम की खेती और इससे जुड़े विविध पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने पी.पी.टी. के माध्यम



व्याख्यान कार्यक्रम के दौरान उपस्थिति।

से मशरूम कल्टीवेशन के विविध चरणों जैसे कंपोस्ट प्रीप्रेशन, स्पानिंग, केसिंग, पिनिंग, क्रॉपिंग व पैकिंग की जानकारी दी। डॉ सोनिया दहिया ने मशरूम फॉर्मिंग के अपने अनुभव साझा किए और छात्राओं के सवालों के जवाब दिए। कार्यक्रम के दूसरे वक्ता, मशरूम उत्पादक विरेंद्र बाजवान ने छात्राओं को मशरूम के औषधीय प्रकार व गुणों की जानकारी देते हुए गैनोडर्मा, शिटाके, लायन्स मेन आदि मशरूम प्रजातियों के बारे में विस्तार से बताया। डॉ विजय दहिया तथा छात्रा स्वाति ने भी इस अवसर पर अपने अनुभव साझा किए। प्रो श्वेता हुड्डा ने छात्राओं को कुछ नया करने का जज्बा कायम रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# विद्यार्थियों ने नाटक, माइम, समूह चर्चा और वाद-विवाद प्रस्तुति में उत्साहपूर्वक लिया हिस्सा

गोहाना, 19 अप्रैल (रामनिवास धीमान): उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के विधि विभाग के लैंग्वेज कंपीटेंसी क्लब द्वारा विभिन्न पाठ्येतर गतिविधियों का आयोजन किया गया। विभाग के विद्यार्थियों ने नाटक, माइम, समूह चर्चा और वाद-विवाद प्रस्तुति में उत्साहपूर्कक हिस्सा लिया।विधि विभाग के बीए-एलएलबी तथा बीबीए-एलएलबी द्वितीय वर्ष के कुल 150 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिन्हें आठ टीमों में विभाजित किया गया। इस दौरान अलग अलग गतिविधियों में प्रथम रहे सभी विद्यार्थियों को सम्मानित किया । इस अवसर पर विभाग के शिक्षक और छात्राएं उपस्थित रहे।

# छात्राओं को मशरूम के उत्पादन की विधि बताई

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां के छात्र कल्याण विभाग द्वारा कामर्स विभाग में मशरूम उत्पादन विषय पर विस्तार व्याख्यान करवाया गया। मुख्य वक्ता, मशरूम फार्म संचालक डा. सोनिया दहिया ने छात्राओं को मशरूम उत्पादन की विधि बताई। उन्होंने कंपोस्ट प्रीप्रेशन, स्पानिंग, केसिंग, पिनिंग, क्रापिंग व पैकिंग की जानकारी दी। उन्होंने छात्राओं को कौशल विकास के लिए प्रेरित किया और कहा कि अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रत करते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें। मशरूम उत्पादन के दौरान सामने आने वाली समस्याओं पर भी उन्होंने विस्तार से बात की। डा. दहिया ने मशरूम फार्मिंग के अनुभव साझा किए और छात्राओं के सवालों के जवाब दिए।

# छात्राओं को मशरूम की खेती से कराया अवगत

**गोहाना।** खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के छात्र कल्याण विभाग की तरफ से कॉमर्स विभाग में मशरूम उत्पादन विषय पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

मुख्य वक्ता मशरूम फॉर्म संचालक डॉ. सोनिया दहिया ने विद्यार्थियों को मशरूम की खेती और इससे जुड़े विविध पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने छात्राओं को कौशल विकास के लिए प्रेरित किया। डॉ. सोनिया ने मशरूम की खेती के अपने अनुभव साझा किए। दूसरे वक्ता, मशरूम उत्पादक विरेंद्र बाजवान ने छात्राओं को मशरूम के औषधीय प्रकार व गुणों की जानकारी दी। कहा कि मशरूम का सेवन सेहत के लिए जरूरी है। इस दौरान डॉ. विजय दहिया व छात्रा स्वाति ने भी अपने अनुभव साझा किए। संवाद

## महिला विवि के छात्र कल्याण विभाग द्वारा मशरूम उत्पादन पर व्याख्यान

# मशरूम की खेती समेत विविध पहलुओं से कराया अवगत

भास्कर न्यूज़ | गोहाना

बीपीएस महिला विवि के छात्र कल्याण विभाग द्वारा शुक्रवार को कॉमर्स विभाग में मशरूम उत्पादन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस दौरान मशरूम फॉर्म संचालक डॉ. सोनिया दहिया ने बतौर मुख्य वक्ता छात्राओं को मशरूम की खेती और उससे जुड़े विविध पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने छात्राओं को मशरूम के कंपोस्ट प्रीप्रेशन, स्पानिंग, केसिंग, पिनिंग, क्रॉपिंग व पैकिंग की जानकारी दी। इसके साथ ही कौशल विकास के लिए प्रेरित किया।

डॉ. सोनिया दहिया ने कहा कि अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें। उन्होंने मशरूम उत्पादन के दौरान सामने आने वाली समस्याओं से भी अवगत करया। इसके साथ ही मशरूम फार्मिंग के अपने अनुभव साझा किए और सरकार द्वारा मशरूम उत्पादकों को दी जा रही सब्सिडी की भी जानकारी दी। वहीं मशरूम उत्पादक वीरेंद्र बाजवान ने छात्राओं को मशरूम के औषधीय प्रकार व गुणों की जानकारी दी। उन्होंने गैनोडर्मा, शिटाके, लायंसमेन आदि मशरूम प्रजातियों के बारे में बताया। यही नहीं मशरूम उत्पादन और उससे संबंधित फार्मेसी उत्पादों एवं इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार अवसरों की जानकारी दी। इस दौरान डॉ. विजय दहिया व छात्रा स्वाति ने भी अपने अनुभव साझा किए। इस मौके पर डीन छात्र कल्याण प्रो. श्वेता हुड्डा, डॉ. ईशानी आदि मौजूद रहे।

### छात्राओं ने विभिन्न गतिविधियों में दिखाई प्रतिभा

बीपीएस महिला विवि में विधि विभाग के लैंग्वेज कंपीटेंसी क्लब द्वारा विभिन्न पाठ्येतर का आयोजन किया गया। इस दौरान छात्राओं ने नाटक, माइम, समूह चर्चा और वाद-विवाद की प्रस्तुति देते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। इसमें बीए-एलएलबी और बीबीए-एलएलबी द्वितीय वर्ष की 150 छात्राओं ने हिस्सा लिया, जिन्हें आठ टीमों में विभाजित किया गया।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat - 20 Apr 2024

# छात्राओं ने गतिविधियों में दिखाई प्रतिभा



गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विवि, खानपुर कलां के विधि विभाग के लैंग्वेज कंपीटेंसी क्लब द्वारा विभिन्न पाठ्येतर गतिविधियों का आयोजन किया गया। विभाग के विद्यार्थियों ने नाटक, माइम, समूह चर्चा और वाद-विवाद प्रस्तुति में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विधि विभाग के बीए-एलएलबी तथा बीबीए-एलएलबी द्वितीय वर्ष के कुल150 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिन्हें आठ टीमों में विभाजित किया गया। इस अवसर पर विभाग के शिक्षक और छात्राएं उपस्थित रहे।

हरिभूमि
epaper.haribhoomi.com
Rohtak Sonipat - 20 Apr 2024 - Page 4



गोहाना। महिला विवि में मशरूम उत्पादन पर आयोजित विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम के दौरान वक्ता।

# मशरूम की खेती व इससे जुड़े पहलुओं की दी जानकारी

गोहाना। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के छात्र कल्याण विभाग द्वारा कॉमर्स विभाग में मशरूम उत्पादन विषय पर एक विस्तार व्याख्यान कार्यम का आयोजन किया गया। महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सुदेश ने इस आयोजन की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी और कहा कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐसे आयोजन अहम भूमिका निभाते हैं। मुख्य वक्ता मशरूम फॉर्म संचालक डॉ. सोनिया दहिया ने विद्यार्थियों को मशरूम की खेती और इससे जुड़े विविध पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने पीपीटी के माध्यम से मशरूम कल्टीवेशन के विविध चरणों जैसे कंपोस्ट प्रीप्रेशन, स्पानिंग, केसिंग, पिनिंग, क्रॉपिंग व पैकिंग की जानकारी दी और छात्राओं को कौशल विकास के लिए प्रेरित किया। वे बोले कि अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें।

Fashion for Every Occasion
Allen Solly

Hindi News

# छात्राओं को दी मशरूम उत्पादन में रोजगार अवसरों की जानकारी

Girish Saini

Facebook Twitter



We are 600+ family strong
Yours could be next
HAMPTON HOMES

खानपुर कलां, गिरीश सैनी। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के छात्र कल्याण विभाग द्वारा कॉमर्स विभाग में मशरूम उत्पादन विषय पर एक विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कुलपति प्रो सुदेश ने इस आयोजन की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी और कहा कि छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में ऐसे आयोजन अहम भूमिका निभाते हैं।

Trendy Apparels by Allen Solly

बतौर मुख्य वक्ता, मशरूम फार्म संचालक डॉ सोनिया दहिया ने विद्यार्थियों को मशरूम की खेती और इससे जुड़े विविध पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने पी.पी.टी. के माध्यम से मशरूम कल्टीवेशन के विविध चरणों जैसे कंपोस्ट प्रीपेरेशन, स्पानिंग, केसिंग, पिनिंग, क्रॉपिंग व पैकिंग की जानकारी दी। छात्राओं को कौशल विकास के लिए प्रेरित करते हुए उन्होंने कहा कि अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करते हुए आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ें। मशरूम उत्पादन के दौरान सामने आने वाली समस्याओं पर भी उन्होंने बात की। डॉ सोनिया दहिया ने मशरूम फार्मिंग से जुड़े छात्राओं के सवालों के जवाब दिए। उन्होंने हरियाणा सरकार द्वारा मशरूम उत्पादकों को दी जा रही सब्सिडी के बारे में भी बताया।

कार्यक्रम के दूसरे वक्ता, मशरूम उत्पादक विरेंद्र बाकवान ने छात्राओं को मशरूम के औषधीय प्रकार व गुणों की जानकारी दी। उन्होंने गैनोडर्मा, शिटाके, लायन्स मेन आदि मशरूम प्रजातियों के बारे में विस्तार से बताया। मशरूम उत्पादन और इससे संबंधित फार्मेसी उत्पादों एवं इस क्षेत्र में उपलब्ध रोजगार अवसरों की जानकारी भी उन्होंने छात्राओं को दी। डॉ विजय दहिया तथा छात्रा स्वाति ने भी अपने अनुभव साझा किए।

डीन, छात्र कल्याण प्रो श्वेता हुड्डा ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए छात्राओं को कुछ नया करने का जज्बा कायम रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने डिग्री के साथ-साथ कौशल को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि विश्वविद्यालय छात्राओं के नए कौशल विकास के लिए सदैव तत्पर है। कार्यक्रम संचालन तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ ईशानी ने किया। इस दौरान विभाग के प्राध्यापक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

Tags: girl students employment opportunities mushroom production

PREVIOUS ARTICLE
बीपीएसएमवी के विधि विभाग में नाटक, माइम, समूह चर्चा और वाद-विवाद आयोजित

NEXT ARTICLE
इंटर कॉलेज किक बॉक्सिंग टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने दिखाया दमखम

WHAT'S YOUR REACTION?

LIKE LOVE FUNNY ANGRY SAD WOW

RELATED POSTS



फोन पर व्यापारियों को धमकाने वाले दबंगईयों को किसी कीमत...



8वां सॉफ्ट स्किल्स एंड एसएसबी गाइडेंस प्रोग्राम संपन्न



डीसी-11 टीम ने मीडिया-11 को 81 रनों से हराया

COMMENTS

Name
Email
Comment
Post Comment

MONDAY 22ND OF APRIL 2024 10:21:33 AM

POPULAR POSTS

Weekly Posts

Panjab University announce successful funding of ground-breaking...

Body of Hyderabad student found dead in US brought home

Political stability, robust social security framework brought...

Drug smuggler's properties worth 76.55 lakh freezed by...

Ferozepur police seizes heroin, drug money and firearms

FOLLOW US

Facebook Twitter Pinterest Linkedin Youtube Email

RECOMMENDED POSTS



Ex-diplomat discovers Amritsar's dark side while translating...

UP's glass skywalk to open after Lok Sabha polls in Chitrakoot

Political stability, robust social security framework brought...

IANS Interview: INDIA bloc's victory in Tripura certain...

Eat plain yoghurt to lower diabetes risk, combat insulin...

IANS Interview: BJP creating confusion & fear in its bid...

CONTACT US

For advertisement, news, article, feature etc please contact us: cityairnews@gmail.com



© 2020 Cityairnews - All Rights Reserved. Designed & Developed By: TechieFormation

# बीपीएसएमवी के विधि विभाग में नाटक, माइम, समूह चर्चा और वाद-विवाद आयोजित

खानपुर कलां। चेतना संवाददाता।

भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय, खानपुर कलां के विधि विभाग के लैंग्वेज कंपीटेंसी क्लब द्वारा विभिन्न पाठ्येतर गतिविधियों का आयोजन किया गया। विभाग के विद्यार्थियों ने नाटक, माइम, समूह चर्चा और वाद-विवाद प्रस्तुति में उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। विधि विभाग के बीए-एलएलबी तथा बीबीए-एलएलबी द्वितीय वर्ष के कुल 150 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में भाग लिया, जिन्हें आठ टीमों में विभाजित किया गया। इस दौरान विभाग के शिक्षक और छात्राएं मौजूद रहे।